हरिभूमि

# झज्जर-बहादुरगढ़ भूमि

रोहतक, रविवार, 7 दिसंबर 2025



13 वार्षिक खेल समारोह में विध्याचल सदन रहा प्रथम



14 जनता को सुविधा देने के बजाय अतिक्रमण...





# SANSKARAM GROUP OF SCHOOLS

THE TIMES OF INDIA

Awarded with Times School Survey award 2025-26

Presents

# 10th ALL INDIA OLYMPIAD

Chance to Win 500+ Prizes

| Sanskaram Olympiad | Visionary Vertex |
|---|---|
| Applicable for 3rd to 10th | Applicable for Nur. to 2nd |
| **Time** 10 AM to 12 PM | **Registration Fee** 100/- |

**VENUE :** Sanskaram Public School, Khatiwas
Sanskaram International School, Pataudа

| Class | 1st Prize | 2nd Prize | 3rd Prize | 4th to 30th Prize | 30th to 40th Prize |
|---|---|---|---|---|---|
| 10th Class | Scooty | Laptop | Kindle | Sports Kit | Edu. Kits/ Gifts |
| 9th Class | Laptop | Kindle | Kindle | Sports Kit | Edu. Kits/ Gifts |
| 8th Class | Laptop | Kindle | Cycle | Sports Kit | Edu. Kits/ Gifts |
| 7th Class | Laptop | Kindle | Cycle | Sports Kit | Edu. Kits/ Gifts |
| 6th Class | Laptop | Kindle | Cycle | Sports Kit | Edu. Kits/ Gifts |
| 5th Class | Kindle | Cycle | Cycle | Sports Kit | Edu. Kits/ Gifts |
| 4th Class | Kindle | Cycle | Cycle | Sports Kit | Edu. Kits/ Gifts |
| 3rd Class | Kindle | Cycle | Cycle | Sports Kit | Edu. Kits/ Gifts |

**EXAM DATE 28th DECEMBER 2025**

FREE TRANSPORT

| Class | Subject (Equal Weightage to All subjects) | Marks | Duration |
|---|---|---|---|
| 3rd to 5th Class | English\Maths\GK\EVS | 60 | 60 Min. |
| 6th & 8th Class | English\Maths\Science\ Aptitude Test | 60 | 60 Min. |
| 9th & 10th Class | Science ( Physics,Chemistry, Bio)\Math | 80 | 60 Min. |

# Visionary Vertex

Whirling With Young **Talent** And **Creativity**

## COMPETITION DETAILS

| | |
|---|---|
| NURSERY | Poem Recitation (in Hindi or Eng.) with proper gestures. |
| L.K.G | Story Telling (in Hindi or Eng.) with proper gestures. |
| U.K.G | Art & Craft Test and Hindi English Word Making |
| 1st & 2nd | Written Test in English, E.V.S., Maths, G.K., and Reasoning. |

SCAN FOR REGISTRATION

For Online Registration Visit www.sanskarampublicschool.com | www.sanskaraminternational.com

India's Most Trusted School
for Integrated Classroom Programme
for Selection in IIT-JEE, NEET, NDA, MNS, SSC,CUET,CLAT, CA, CS, ICMAI

## IIT-JEE Selections

- 99.98 %ile — Shubham S/o Kailash, Dubaldhan
- 98.7 %ile Maths — Shubham S/o Ranbir, Kheri Khummmar
- 98.59 %ile Maths — Tanishk S/o Naresh, Charkhi Dadri
- 98.54 %ile Physics — Samir S/o Dharambir, Hansi, Hisar
- 98.32 %ile Maths — Sushant S/o Deepak, Vill - Rewari Khera
- 97.7 %ile Chemistry — Lavanya D/o Jitender, Jhajjar
- 96.12 %ile Maths — PARIKSHIT S/o SHIV, JHAJJAR
- 95.71 %ile Maths — Muskan D/o Govind, Vill - Koelpur
- 95.1 %ile Physics — Arpit S/o Amarjeet, Vill - Baghpur
- 93.2 %ile Chemistry — Takshika D/o Vijay, Vill - Kabulpur
- 92.71 %ile Maths — Payal D/o Narender, Vill - Dubaldhan
- 92.98 %ile Chemistry — Anuj S/o Sunil Kumar, Baghpur
- Selection in IIIT Bhopal — Tanishk S/o Naresh, Charkhi Dadri
- Selection in IIIT Bhopal — Samir S/o Dharambir, Hansi, Hisar
- Selection in IIT Rurkee — Tamanna D/o Mr. Bijender, Village - Bhadana
- Selection in NIT Delhi — Shubham S/o Kailash, Vill : Dubladhan

## NEET Selections

- Vibhoo D/o Sanjeev, Jhajjar
- Vedika D/o Tarun, Jhajjar
- Lavanya D/o Jitender, Jhajjar
- Jyoti D/o Vedprakash, Dujana
- Hunny D/o Ramesh, Imlota
- Komal D/o Dalbir, Jhajjar
- Nidhi D/o Parambir, Silana
- Yogita D/o Surender, Jhajjar
- Selection in L. Hardinge Medical College, Delhi — Ishita D/o Pawan Gupta, Jhajjar
- Selection in Medical College, Faridabad — Vaibhav S/o Amit, Jhajjar
- Selection in PGIMS, Rohtak — Disha D/o Sudhir, Vill : Koyalpur

**ADMISSIONS OPEN 2026 - 27**

Officially First Pilot !

Congratulations for Clearing Your **DGCA CPL** Exam

Licensed Commercial Pilot | DGCA Certified | India

**ROUNAK KUMAR**
S/o Mr. Sandeep / Jhajjar

**JHAJJAR CAMPUS : 8222889860,62**
NH.334B, Main Dadri Road, Khatiwas, Jhajjar ( Haryana)

**PATAUDA CAMPUS : 9053007801,02**
NH.352, Pataudа, Near Kulana, Jhajjar ( Haryana)

## खबर संक्षेप

### तलाशी के दौरान युवक के पास मिला हथियार

**बहादुरगढ़।** स्थानीय पुलिस ने मेला ग्राउंड के पास एक युवक को अवैध हथियार सहित काबू किया। आरोपी की पहचान महेंद्र के रूप में हुई है। दरअसल, पुलिस को सूचना मिली थी कि बादली का निवासी महेंद्र यहां स्टेडियम के पास अवैध हथियार लेकर खड़ा है और कहीं जाने की फिराक में है। इस पर टीम तुरंत वहां गई और उसे काबू किया। तलाशी के दौरान उसके पास देशी पिस्तौल व दो कारतूस मिले। आरोपी के खिलाफ सिटी थाने में केस दर्ज किया गया है। आरोपी से पूछताछ की जा रही है।

### अवैध शराब सहित आरोपी गिरफ्तार

**बहादुरगढ़।** सदर थाना पुलिस ने इस्सरहेड़ी में एक व्यक्ति को अवैध शराब सहित गिरफ्तार किया है। आरोपी के खिलाफ सदर थाने में केस दर्ज किया गया है। दरअसल, पुलिस को सूचना मिली थी कि इस्सरहेड़ी का निवासी विक्रम परचून की दुकान की आड़ में शराब बेचता है। फिलहाल कैर गांव की तरफ से कट्टे में शराब लेकर आ रहा है। इस सूचना पर टीम कैर मोड़ पर सरकारी स्कूल के पास पहुंची। वहां शक के आधार पर विक्रम को काबू किया। उसके पास से कट्टा बरामद किया। तलाशी लेने पर उसमें 18 पव्वे, आठ हाफ और छह शराब की बोतल मिली। आरोपी को हिरासत में ले लिया गया। उससे पूछताछ की जा रही है।

### पुलिस ने दोनाली सहित आरोपी को दबोचा

**बहादुरगढ़।** पुलिस की एवीटी सैल ने लाडपुर मोड़ से एक व्यक्ति को दोनाली बंदूक के साथ गिरफ्तार किया। आरोपी के खिलाफ बादली थाने में केस दर्ज किया गया है। गुप्त सूचना के आधार पर टीम ने यह कार्रवाई की। आरोपी की पहचान कुलदीप के रूप में हुई है। वह गांव बामड़ोला का रहने वाला है। उससे पूछताछ की जा रही है।

### सड़क हादसों के आरोपी दो चालक गिरफ्तार

**रेवाड़ी।** पुलिस ने सड़क हादसों के बाद फरार दो वाहन चालकों को गिरफ्तार किया है। थाना खोल पुलिस ने सड़क हादसे में एक व्यक्ति की मौत के बाद 2 दिसंबर को केस दर्ज किया था। हादसे के बाद वाहन चालक मौके से फरार हो गया था। पुलिस ने केस दर्ज करने के बाद जांच करते हुए नारनौल के कारोली निवासी अजय को इस मामले में गिरफ्तार कर लिया। थाना सदर पुलिस ने 5 दिसंबर को सड़क हादसे के बाद दर्ज केस में यूपी के बनासदेवी निवासी अंकित को गिरफ्तार किया है। बाद में दोनों को पुलिस बेल पर छोड़ दिया गया।

### दहेज प्रताड़ना के मामले में एक पकड़ा

**रेवाड़ी।** पुलिस ने दहेज प्रताड़ना के मामले में एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। पुलिस शिकायत में एक गांव निवासी विवाहिता ने ससुराल पक्ष के लोगों पर दहेज के लिए परेशान करने और दहेज नहीं लाने पर जान से मारने की धमकी देने के आरोप लगाए थे। पुलिस ने दोनों पक्षों के बीच समझौता कराने के प्रयास किए थे, परंतु सहमति नहीं बनी। पुलिस ने 19 सितंबर को आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज किया था। पुलिस ने राजस्थान के कंठपुरा निवासी जसमेर को गिरफ्तार किया है।

---

### व्यायामशाला को विस्थापित करने का निर्णय

# स्टेडियम में आने वाले दूसरे खेलों के खिलाड़ियों की बढ़ेगी परेशानी





**बहादुरगढ़।** स्कूल परिसर में बंद किया गया रास्ता व स्टेडियम में इकट्ठे हुए एथलेटिक्स के खिलाड़ी। *फोटो : हरिभूमि*

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बहादुरगढ़

रेलवे रोड स्थित शहीद ब्रिगेडियर होशियार सिंह स्टेडियम में केवल व्यायामशाला ही नहीं बल्कि कई अन्य खेलों के खिलाड़ी भी रोजाना अभ्यास करते हैं। हालांकि फिलहाल व्यायामशाला को ही विस्थापित करने का निर्णय लेने की बात सामने आई है, लेकिन अन्य दूसरे खेलों के खिलाड़ियों में भी चिंता व शंका बढ़ गई है।

शनिवार को कई एथलीट स्टेडियम में इकट्ठे हुए। युवाओं ने बताया कि यहां काफी संख्या में दौड़, कूद व अन्य खेलों का अभ्यास करने के लिए उभरते खिलाड़ी आते हैं। आसपास कोई अन्य ग्राउंड नहीं है। लिहाजा उनके पास फिलहाल यही विकल्प है। सुनने को मिल रहा है कि यहां से अखाड़ा हटाया जाएगा और शंका है कि दूसरे खिलाड़ियों का भी प्रवेश रुक जाए। अगर ऐसा हुआ तो हम कहां अभ्यास करेंगे। खिलाड़ियों ने ये भी कहा कि खेल विभाग को बहादुरगढ़ में एक अच्छा स्टेडियम बनाना चाहिए और गांवों में मौजूद स्टेडियमों की दशा सुधारनी चाहिए।

#### नाहरा-नाहरी रोड वाले पुराने गेट को बंद किया

उधर, दूसरी ओर एसएमसी की बैठक के बाद रेलवे रोड से नाहरा-नाहरी रोड की ओर जाने वाले रास्ते को भी वाहनों के लिए रोक दिया गया है। नाहरा-नाहरी रोड वाले पुराने गेट को बंद कर दिया गया है। वहीं कोई बाहर से गाड़ी न खड़ी कर जाए, इसलिए बेरिकेड व रस्सी बांधकर रास्ता भी बंद कर दिया है। बता दें कि बास्केट बॉल प्लेयर अमन की यहां स्टेडियम में पोल गिरने से मौत हो गई थी। स्टेडियम शिक्षा विभाग के अधीन है। उस हादसे के बाद से यहां अब व्यवस्था में बदलाव किए जा रहे हैं।

---

# कई खेलों में विद्यार्थियों ने दिखाई प्रतिभा



**बहादुरगढ़।** खेलों के शुभारंभ पर मार्च पास्ट करते विद्यार्थी। *फोटो : हरिभूमि*

- दो दिवसीय वार्षिक खेल प्रतियोगिता का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बहादुरगढ़

अशोक नगर स्थित मदर इंडिया पब्लिक स्कूल में दो दिवसीय वार्षिक खेल प्रतियोगिता का आयोजन उत्साहपूर्वक किया गया। प्रतियोगिता में विद्यार्थियों ने विभिन्न प्रतियोगिताओं में बढ़-चढ़कर भाग लेते हुए अपनी खेल प्रतिभा का प्रदर्शन किया। प्रतिभागियों को कलाम, नायडू, बोस और टैगोर आदि चार सदनों में बांटकर प्रतियोगिताएं आयोजित की गईं। प्रतियोगिता की शुरुआत आकर्षक मार्च पास्ट और मशाल प्रज्वलन के साथ हुई। रेस में कलाम सदन के सौरभ, अभिषेक, परी, अंशु और तमन्ना ने बाजी मारी। वहीं नायडू सदन से नीरज प्रसाद, प्रिया और मुस्कान विजेता बने। बोस सदन से राजन और इशिता ने शानदार प्रदर्शन करते हुए जीत दर्ज की। लेमन रेस में लक्षिता पहले स्थान पर रही। शॉट पुट में लक्ष्य ने जीत हासिल की, जबकि खो-खो में बोस सदन की टीम ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए मुकाबला जीता। शतरंज प्रतियोगिता में अतिरक्ष विजयी रहे। लंबी कूद में आदित्य ने प्रथम स्थान पाया और हैंडबॉल में कलाम सदन विजेता बना। इस दौरान अन्य बच्चों ने भी विभिन्न खेल प्रतियोगिताओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर दर्शकों की तालियां बटोरीं। अंत में विद्यालय की प्रिंसिपल ने सभी विद्यार्थियों की प्रतिभा की सराहना करते हुए पढ़ाई के साथ-साथ खेलों में सक्रिय भागीदारी के लिए प्रेरित किया और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

---

# 100 कुण्डीय यज्ञ की तैयारियां जोरों पर

- विद्यार्थियों को कराया गया अभ्यास

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बहादुरगढ़

नशा-मुक्त राष्ट्र निर्माण के संकल्प के साथ देशव्यापी नो नशा अभियान की शुरुआत की जा रही है। इसी क्रम में डीएपी स्कूल बहादुरगढ़ और आर्य समाज समिति के बीच बैठक आयोजित हुई, जिसमें 100 कुण्डीय यज्ञ करने का निर्णय लिया गया।

विद्यालय के प्रिंसिपल राजदीप कुलश्रेष्ठ और आर्य समाज के सदस्यों ने कार्यक्रम की रूपरेखा तैयार की। कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए छात्रों को विशेष प्रशिक्षण दिया गया। अभ्यास सत्र के दौरान वेदमंत्र उच्चारण, हवन-विधि, यज्ञ के वैज्ञानिक महत्व और नैतिक मूल्यों पर विस्तृत जानकारी दी गई। प्रशिक्षकों ने प्रत्येक प्रक्रिया का प्रायोगिक अभ्यास करवाकर बच्चों को हवन में सक्रिय भागीदारी के लिए तैयार किया। प्रिंसिपल राजदीप कुलश्रेष्ठ ने कहा कि 100 कुण्डीय यज्ञ का मुख्य उद्देश्य युवाओं और परिवारों को नशा-मुक्त भारत के प्रति जागरूक करना, समाज में सकारात्मक ऊर्जा तथा पर्यावरण शुद्धि को बढ़ावा देना है।



**बहादुरगढ़।** यज्ञ में आहुति डालते प्रिंसिपल व विद्यार्थी। *फोटो : हरिभूमि*

#### रैली के माध्यम से नशा-मुक्त भारत का देंगे संदेश

कार्यक्रम में आत्मशुद्धि आश्रम और सिद्धीपुर लोवा गुरुकुल के विद्यार्थी शामिल होंगे। विद्यालय के छात्र नुक्कड़ नाटक और रैली के माध्यम से नशा-मुक्त भारत का संदेश देंगे। इस तैयारी में आर्य समाज के सदस्य ब्रह्मजीत छिकारा, ईश्वर आर्या, कर्नल सहरावत, जयपाल दहिया, बिजेंद्र खोखर, विद्यालय के शिक्षक और छात्र उत्साहपूर्वक जुड़े रहे। आयोजन समिति ने आमजन को मुख्य कार्यक्रम में आने का आग्रह किया और बताया कि यह कार्यक्रम कैप्टन मानसिंह दलाल के घर के सामने पार्क संख्या-13 में आयोजित होगा।

---

# शिक्षकों व विद्यार्थियों को प्रदान की गीता की 100 प्रतियां

- भगवद्-गीता पुस्तक वितरण कार्यक्रम संपन्न

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बहादुरगढ़

अशोका इंटरनेशनल स्कूल में इस्कॉन टेंपल बहादुरगढ़ समिति के हरिओम चैतन्य दास के नेतृत्व में भगवद्-गीता पुस्तक वितरण कार्यक्रम संपन्न हुआ। इस अवसर पर छात्रों और शिक्षकों को 100 प्रतियां निःशुल्क प्रदान की गईं।

कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों में आध्यात्मिक जागरूकता बढ़ाते हुए गीता के जीवन प्रबंधन, नैतिक मूल्यों और नेतृत्व से जुड़े संदेशों से जोड़ना था। मंदिर से आए प्रतिनिधियों ने कहा कि गीता केवल धार्मिक ग्रंथ नहीं, बल्कि हर क्षेत्र में मार्गदर्शन देने वाली प्रेरणास्त्रोत पुस्तक है। उपस्थित लोगों ने कार्यक्रम को प्रेरक बताते हुए इसकी निरंतरता की सराहना की। इस्कॉन प्रतिनिधियों ने भविष्य में भी इसी प्रकार के सामाजिक और आध्यात्मिक आयोजन जारी रखने की घोषणा की। विद्यालय के प्रिंसिपल जैनेंदर कुमार ने बताया कि आठ दिसंबर को भगवद्-गीता पर आधारित प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता आयोजित की जाएगी। कार्यक्रम के सफल आयोजन के लिए संचालिका विजयलक्ष्मी ने सभी प्रतिभागियों व अतिथियों का धन्यवाद किया।



**बहादुरगढ़।** बच्चों को गीता भेंट करते मंदिर के प्रतिनिधि। *फोटो : हरिभूमि*

---

# इनेलो कार्यालय में बाबा साहेब डॉ. भीमराव अंबेडकर को किया नमन

- मानवाधिकारों के प्रबल रक्षक थे बाबा साहेब

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बहादुरगढ़

इनेलो प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य शीला नफे सिंह राठी ने डॉ. भीमराव अंबेडकर की पुण्यतिथि पर उनके चित्र पर माल्यार्पण कर श्रद्धासुमन अर्पित किए।

इस अवसर पर उन्होंने कहा कि बाबा साहेब महान समाज सुधारक और मानवाधिकारों के प्रबल रक्षक थे। उन्होंने भारतीय संविधान की रचना कर देश को समानता, न्याय और स्वतंत्रता का मजबूत आधार दिया। डॉ. अंबेडकर का पूरा जीवन संघर्ष, शिक्षा और आत्मसम्मान की प्रेरणादायक मिसाल है। वे मानते थे कि समाज तभी आगे बढ़ सकता है जब हर व्यक्ति शिक्षित, संगठित और जागरूक हो। आज उनके सिद्धांत और विचार देश को एकता, भाईचारे और समानता के मार्ग पर आगे बढ़ाने में सबसे बड़ी प्रेरणा हैं। इनेलो एससी प्रकोष्ठ के जिलाध्यक्ष मास्टर सुखबीर सरोहा कहा कि बाबा साहेब का सपना था कि कोई भी व्यक्ति भेदभाव का शिकार न बने और सभी को समान अवसर मिले। यही कारण है कि आज भी उनका संविधान, उनका विचार और उनका संघर्ष हमारे लिए मार्गदर्शक है।



**बहादुरगढ़।** बाबा साहेब को नमन करतीं शीला नफे राठी व सुखबीर सरोहा।

---

# औलांत में पंचायती रास्ते से हटवाए अवैध




**रेवाड़ी।** औलांत में कब्जे हटाती जेसीबी, कब्जे हटाने की कार्रवाई के दौरान जमा लोग। *फोटो : हरिभूमि*

- पुलिस बल की मौजूदगी के चलते इस कार्रवाई का कोई विरोध नहीं हुआ

हरिभूमि न्यूज ▶▶ डहीना

समीपवर्ती गांव औलांत में पंचायती रास्ते पर लंबे समय किए गए पुख्ता कब्जों को शनिवार को प्रशासन की टीम ने हटवा दिया। पुलिस बल की मौजूदगी के चलते इस कार्रवाई का कोई विरोध नहीं हुआ। कब्जे हटने से ग्रामीणों को काफी राहत मिली है। गांव के पंचायती रास्ते पर कुछ प्रभावशाली लोगों ने कब्जा किया हुआ था। ग्राम पंचायत की ओर से इन कब्जों को हटवाने के लिए लगभग एक दशक पूर्व कोर्ट में केस दायर किया था। कोर्ट ने ग्राम पंचायत के पक्ष में फैसला सुनाते हुए इन कब्जों को तुड़वाने के आदेश दिए थे। शनिवार को एसडीओ पंचायती राज जितेंद्र कुमार के नेतृत्व में पंचायत विभाग की टीम गांव में पहुंची। टीम के साथ डहीना पुलिस चौक से पुलिस बल भी पहुंच गया था। इसके बाद जेसीबी मशीन से पांच पुख्ता निर्माण धाराशाही कर दिए गए। पांच पक्के निर्माण जेसीबी की मदद से तोड़कर रास्ते को साफ करा दिया गया। पुलिस की मौजूदगी और कोर्ट के आदेश होने के कारण इस कार्रवाई का कोई विरोध नहीं हुआ। कब्जे हटने से रास्ता पूरी तरह साफ हो गया, जिससे ग्रामीणों को भी काफी राहत मिली है।

---

# एसडीएम ने रैन बसेरे का किया निरीक्षण

- एसडीएम ने रैन बसेरे में किए गए व्यापक प्रबंधों की जानकारी ली

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बावल

एसडीएम बावल मनोज कुमार ने शनिवार को नगर पालिका बावल की ओर से संचालित रैन बसेरे का निरीक्षण किया। एसडीएम ने रैन बसेरे में किए गए व्यापक प्रबंधों की जानकारी ली। नगर पालिका बावल सचिव ने बताया कि बावल में रैन बसेरा नजदीक पुलिस थाना बावल के पास स्थित है। रैन बसेरे में 8 पुरूष व 4 महिला के रूकने की व्यवस्था है। इसके अतिरिक्त पीने के पानी, पुरूष व महिला शौचालय एवं स्नान के लिए गर्म व ठंडे पानी की व्यवस्था उपलब्ध है।



**रेवाड़ी।** रैन बसेरे का निरीक्षण करते एसडीएम मनोज कुमार। फोटो : हरिभूमि

उन्होंने बताया कि रैन बसेरे में एक कर्मचारी भी नियुक्त किया गया है। रैन बसेरे में आश्रम लेने के लिए कर्मचारी धनसिंह के मोबाईल नंबर 9050112727 पर संपर्क कर सकते है।

---

### स्वास्थ्य कर्मियों की ओर से नागरिक अस्पताल परिसर में सोलहवां सफाई अभियान चलाया

# अस्पताल को स्वच्छता का आदर्श मॉडल बनाने पर दिया जोर

- अभियान की विस्तृत योजना डा. सुभाष यादव पीसीपीएनडीटी नोडल अधिकारी की ओर से तैयार की गई

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रेवाड़ी

स्वास्थ्य कर्मियों की ओर से नागरिक अस्पताल परिसर में सोलहवां सफाई अभियान उत्साह व टीमवर्क के साथ चलाया गया। अभियान का नेतृत्व पीएमओ डा. सुरेंद्र यादव ने किया। अभियान की विस्तृत योजना डा. सुभाष यादव पीसीपीएनडीटी नोडल अधिकारी की ओर से तैयार की गई। इस दौरान अस्पताल परिसर, पार्किंग क्षेत्र, जनरल वेस्ट एरिया, जेनसेट क्षेत्र व आसपास के विभिन्न हिस्सों की विशेष सफाई की गई। अभियान में वरिष्ठ चिकित्सा अधिकारियों, कर्मचारियों व स्थानीय नागरिकों ने सक्रिय भागीदारी निभाई। सफाई अभियान में डा. सुरेंद्र यादव, डा. इंद्रजीत यादव, डा. सुभाष यादव, सीनियर नर्सिंग ऑफिसर सरोज देवी, अनीता सैनी, सुपरवाइजर मदन, माली पवन कुमार, अरुण कुमार, मान सिंह, सेनिटेशन स्टाफ से नरेश, नवीन, अजय, प्रकाश, लक्ष्मण, राजेश, देशराज, मंगल, शांति, अजय, प्रवीण, वार्ड अटेंडेंट दुर्गा, संजीव, दिनेश खींची, मोनू, इलेक्ट्रिशियन हेल्पर सूबे सिंह व गैस मैनिफोल्ड स्टाफ सहित अन्य अनेक कर्मचारियों ने योगदान दिया। सभी ने जिम्मेदारी और एकजुटता का परिचय देते हुए अस्पताल को स्वच्छता का आदर्श मॉडल बनाने में योगदान दिया।

इस मौके पर पीएमओ डा. सुरेंद्र यादव ने कहा कि अस्पताल केवल उपचार का केंद्र नहीं, बल्कि एक स्वच्छ, हरित और मानव-केंद्रित स्वास्थ्य संस्थान का आदर्श उदाहरण होना चाहिए। उन्होंने कहा कि सभी अपने आसपास के वातावरण को स्वच्छ बनाए रखने का संकल्प लें।

मरीजों की पीड़ा को समझते हुए उन्हें बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान करना हमारी सर्वोच्च प्राथमिकता है। डा. यादव ने टीम भावना, कर्तव्यनिष्ठा और मरीजों के प्रति संवेदनशीलता को अस्पताल संस्कृति का अभिन्न हिस्सा बनाने पर जोर दिया।




**रेवाड़ी।** नागरिक अस्पताल में सफाई करते हुए स्वास्थ्य कर्मी। फोटो : हरिभूमि

## खबर संक्षेप

### लान टेनिस चैम्पियनशिप के लिए ट्रायल 10 को

**झज्जर।** जिला खेल अधिकारी सतेंद्र कुमार ने बताया कि अखिल भारतीय सिविल सेवा लान टेनिस चैम्पियनशिप का आयोजन आगामी 16 दिसंबर से 22 दिसंबर तक गुजरात के गांधीनगर में किया जाएगा। प्रतियोगिता में भाग लेने वाले खिलाड़ियों के ट्रायल 10 दिसंबर को पंचकूला में किया जाएगा। उन्होंने बताया कि सभी विभागाध्यक्ष अपने विभाग कार्यालय, जिला के उत्कृष्ट खिलाड़ियों को चयन प्रक्रिया के ट्रायल के लिए विशेष खेल अवकाश तथा अन्य सुविधाएं देना सुनिश्चित करेंगे।

### अनुसूचित जाति छात्रों को मिलेगा छात्रवृत्ति का लाभ

**झज्जर।** जिला कल्याण अधिकारी स्वेता शर्मा ने बताया कि सामाजिक न्याय और अधिकारिता विभाग, अनुसूचित जाति एवं पिछड़ा वर्ग कल्याण तथा अन्त्योदय विभाग, हरियाणा पंचकूला द्वारा अनुसूचित जाति के छात्रों के लिए पोस्ट मैट्रिक छात्रवृत्ति योजना तथा अन्य पिछड़ा वर्ग एवं विमुक्त जनजाति के छात्रों के लिए पोस्ट मैट्रिक छात्रवृत्ति योजना के अंतर्गत शैक्षणिक सत्र 2025-26 के लिए एनएसपी पोर्टल पर ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित किए गए हैं। आवेदन करने की अंतिम तिथि आगामी 28 फरवरी 2026 निर्धारित की गई हैं।

### वीर शहीद कर्ण सिंह का प्रतिमा अनावरण आज

**झज्जर।** क्षेत्र के गांव डावला के अमर शहीद कर्ण सिंह की प्रतिमा अनावरण समारोह रविवार को किया जाएगा। प्रातः ग्यारह बजे शुरू होने वाले इस कार्यक्रम में कैबिनेट मंत्री कृष्णलाल पंवार मुख्यातिथि के रूप में शिरकत करेंगे।


अमर शहीद कर्ण सिंह

इनके अलावा भाजपा राष्ट्रीय सचिव एवं पूर्व कैबिनेट मंत्री ओमप्रकाश , पूर्व सांसद सुनीता दुग्गल व डॉ. स्वदेश को भी विशेष अतिथि के रूप में आमंत्रित किया गया है। ग्रामवासियों द्वारा आयोजित यह कार्यक्रम शहीद कर्ण सिंह की वीरता और बलिदान को समर्पित होगा।

### किसान कराएं पीएम फसल बीमाः डीसी

**झज्जर।** डीसी स्वप्निल रविंद्र पाटिल ने बताया कि सरकार की ओर से खेती को जोखिम मुक्त बनाने के उद्देश्य से प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना लागू की गई है। इसके लिए पोर्टल खोल दिया गया है। उन्होंने किसानों से अपील करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के तहत किसान अपनी रबी की फसलों का बीमा आगामी 31 दिसंबर तक अवश्य करवाएं। प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के तहत रबी की पांच फसलों सरसों, गेहूं जौ, चना व सूरजमुखी का बीमा करवाया जा सकता है। सरकार द्वारा प्रत्येक फसल के लिए किसान की हिस्सेदारी निर्धारित की गई है।


स्वप्निल रविंद्र पाटिल

न्यूटन स्कूल में दो दिवसीय वार्षिक खेल समारोह का आगाज, तेजस, चेष्टा, वैशाली, तनिश व भीजल को मिला बेस्ट एथलीट का खिताब

# वार्षिक खेल समारोह में विंध्याचल सदन रहा प्रथम


**झज्जर।** थ्री लैग रेस में भाग लेते हुए खिलाड़ी। फोटो : हरिभूमि


**झज्जर।** रस्साकशी प्रतियोगिता में जीतने के लिए जोर लगाते हुए खिलाड़ी। फोटो : हरिभूमि

हरिभूमि न्यूज ▶▶| झज्जर

न्यूटन स्कूल में शनिवार से दो दिवसीय वार्षिक खेल समारोह का आगाज किया है। समारोह के प्रारंभ मे मार्च पास्ट करते हुए हाउस कैप्टन व उनकी पूरी टीम ने निदेशक बालेश कादियान, मनोज भारद्वाज, अश्वनी खासा, प्रबंधक रोहताश सिंह व मुख्याध्यापिका उर्मिल बेनीवाल को सलामी दी। प्रबंधक रोहताश सिंह ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि खेलों में भी उज्ज्वल भविष्य बनाया जा सकता है बशर्ते खिलाड़ी अपनी पूरी लगन से लक्ष्य की तरफ बढ़े। इस दौरान बैलून रेस, जिग-जैग रेस, पिक दा बॉल, रिले बॉल रेस, सिंपल रेस, हर्डल रेस, लंबी कूद, ऊंची कूद, शॉटपुट, डिस्कस थ्रो, जैवलिन थ्रो, खो-खो, कबड्डी, रस्साकशी व थ्री लैग रेस आदि स्पर्धाओं का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता परिणामों में सीनियर वर्ग के लड़कों में विंध्याचल सदन से तेजस तथा लड़कियों में चेष्टा व वैशाली को बेस्ट एथलीट का खिताब मिला। जूनियर वर्ग में शिवालिक सदन से तनिश तथा लड़कियों में भीजल बेस्ट एथलीट रहे। ओवरऑल विंध्याचल सदन प्रथम रहा। प्रतियोगिता के विजेता खिलाड़ियों को स्कूल प्रबंधन कमेटी सदस्यों द्वारा मेडल देकर सम्मानित किया गया।

## वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता में खिलाड़ियों ने दिखाया दम

**झज्जर।** महर्षि दयानंद स्कूल खुड्डन में नर्सरी से तीसरी कक्षा तक के विद्यार्थियों के लिए वार्षिक खेल-कूद प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस दौरान बैलून रेस, कप बॉल बैलेंस रेस, बनाना रेस, डक रेस, सैक रेस, बाल इकट्ठा करने की रेस, रिंग गेम आदि रोचक प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में अभिभावकों की सहभागिता भी विशेष रूप से उल्लेखनीय रही। बच्चों का उत्साह बढ़ाने के लिए अभिभावकों के लिए लेमन रेस व रस्साकशी जैसे रोमांचक खेल कराए गए। अभिभावकों ने भी बच्चों की तरह पूरे जोश के साथ प्रतियोगिताओं में भाग लिया। प्रतियोगिताओं में विशेष रूप से उपस्थित एफएलएन कोर्डिनेशन डॉ. सुदर्शन, प्राचार्य रामनिवास गहलावत, शैक्षणिक प्रभारी डॉ. राजबीर तथा प्रबंधन समिति सदस्य रमेश डिरोलिया व सुरेंद्र कोडान ने अपने-अपने संबोधन में खिलाड़ियों की प्रतिभा, अनुशासन और उत्साह की प्रशंसा की। खेल-कूद बच्चों के सर्वांगीण विकास का महत्वपूर्ण हिस्सा है, यह न केवल मानसिक और शारीरिक क्षमता को बढ़ाता है, बल्कि उनमें नेतृत्व, टीम भावना और आत्मविश्वास भी विकसित करता है। प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले सभी खिलाड़ियों को मेडल, प्रमाण पत्र और पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया।

## अंतर सदनीय कॉमर्स क्विज में पटेल सदन के विद्यार्थी प्रथम


**झज्जर।** शिक्षकों के साथ उपस्थित प्रतियोगिता के विजेता विद्यार्थी। फोटो : हरिभूमि

**झज्जर।** एचडी वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय साल्हावास में अंतरसदनीय कॉमर्स क्विज प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में वाणिज्य संकाय से ग्यारहवीं और बारहवीं कक्षाओं के विद्यार्थियों ने भाग लिया। अर्थशास्त्र प्राध्यापिका प्रियंका जाखड़ ने बताया कि प्राचार्य सतबीर सिंह की अध्यक्षता में आयोजित इस प्रतियोगिता का मंच संचालन अकाउंटेंसी प्राध्यापिका पिंकी शर्मा द्वारा किया गया। प्रतियोगिता परिणामों में पटेल सदन की टीम के विद्यार्थी अंकुश, खुशी, कार्तिक व मयंक ने प्रथम स्थान प्राप्त किया जबकि कलाम सदन टीम के सदस्य मानवी, मंशा, कोमल व डिम्पल द्वितीय तथा रमन सदन टीम के सदस्य अंशिका, लक्की, वंदना व दृष्टि ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। इनके अलावा अटल सदन की टीम को सांत्वना पुरस्कार प्रदान किया गया। एचडी ग्रुप सचिव हेमंत गुलिया ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए बताया कि वाणिज्य संकाय में सफलता के अनेक रास्ते हैं। सभी विजेता विद्यार्थियों को एचडी ग्रुप डायरेक्टर रमेश गुलिया, सचिव विशाल नेहरा और एक्टिविटी इंचार्ज कमलेश ढिल्लों द्वारा पुरस्कृत किया गया।



**झज्जर।** दौड़ में भाग लेते हुए खिलाड़ी। फोटो : हरिभूमि

## प्रतियोगिता के विजेता खिलाड़ियों को किया सम्मानित

**झज्जर।** कैंब्रिज इंटरनेशनल वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय भदाना में आयोजित तीन दिवसीय खेल प्रतियोगिता संपन्न हो गई। समापन अवसर पर विभिन्न प्रतियोगिता के विजेता खिलाड़ियों को स्कूल निदेशक धर्मेंद्र जून द्वारा मेडल पहनाकर सम्मानित किया गया। प्रतियोगिता में प्री-नर्सरी से नौवीं कक्षा तक के विद्यार्थियों ने हिस्सा लिया। सब-जूनियर वर्ग के लिए विद्यालय परिसर में विभिन्न मनोरंजक प्रतियोगिताओं का संचालन किया गया, जिनमें सिंपल रेस, लेमन रेस, फ्रॉग रेस, सैक रेस, कॉन रेस, बुक बैलेंस रेस और बैलून बैलेंस रेस प्रमुख रहीं। सीनियर वर्ग की प्रतियोगिताओं में लड़कियों की 100 मीटर, 200 मीटर और 400 मीटर दौड़ जबकि लड़कों के लिए 400 मीटर और 800 मीटर दौड़ का आयोजन किया गया। इस दौरान फोटोग्राफी का कार्य प्रतिभा, तुशिका और प्रियंका ने संभाला जबकि स्कोर और प्वाइंट्स नोट करने की जिम्मेवारी रेखा, पिंकी, ज्योति यादव और आशु ने निभाई। इस मौके पर पिंकी सहरावत, रीतू जून, सोनू, सोमवीर और जय भगवान सहित अन्य भी उपस्थित रहे।


**झज्जर।** विजेता खिलाड़ियों के साथ उपस्थित निदेशक धर्मेंद्र जून। फोटो : हरिभूमि

## विभिन्न खेल प्रतियोगिताओं में खिलाड़ियों ने दिखाई प्रतिभा

**झज्जर।** एलए सीनियर सैकेंडरी स्कूल में तीसरी से पांचवीं कक्षा तक के विद्यार्थियों के बीच खेल प्रतियोगिताओं का आयोजन कराया गया। स्कूल मैनेजमेंट सदस्य जगपाल गुलिया, जयदेव दहिया, अनिता गुलिया व नीलम दहिया ने मां सरस्वती के समक्ष धूप-दीप प्रज्ज्वलित कर प्रतियोगिताओं की शुरूआत की। इस दौरान लेमन रेस, हर्डल रेस, रिले, फ्रॉग रेस व 100 मीटर रेस का आयोजन किया गया। प्राइमरी विंग एचओडी पुष्पा यादव ने बताया कि विभिन्न प्रतियोगिताओं में तीसरी कक्षा से अंश, रुद्राक्ष, मोक्ष, शानू, भावी, मानवी व कनिका, चौथी कक्षा से तनुष, संस्कार, मैक्स, प्राची, सरिया, मानवी व सीरत, चौथी कक्षा से निधि तथा पांचवीं कक्षा से देवांश, नक्ष, अवि, वरुण, नक्ष, हिमानी, हिमांशी व भूमिका ने मेडल जीता। इस मौके पर स्कूल प्राचार्या निधि कादियान, प्रबंधक केएम डागर, एचओडी रविंद्र लोहचब, पिंकी अहलावत, ज्योति, भूगोल प्राध्यापक मुकेश शर्मा सहित अन्य भी उपस्थित रहे।

# क्षमता संवर्धन कार्यक्रम में शिक्षकों को दी नई शिक्षा नीति की जानकारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| झज्जर

एमआर स्कूल हसनपुर में तनाव प्रबंधन विषय पर एक दिवसीय क्षमता संवर्धन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। सेंटर ऑफ एक्सीलेंस पंचकुला के तत्वावधान में आयोजित इस कार्यक्रम की अध्यक्षता निदेशिका संगीता कोडान ने की। कार्यक्रम में मुख्य प्रशिक्षक के रूप में उपस्थित जीवन ज्योति स्कूल से प्रीति व केआर मंगलम स्कूल से वर्षा ने तनाव प्रबंधन की अवधारणाओं, कक्षा में आने वाली विविध चुनौतियों तथा उनके प्रभावी समाधान पर विस्तारपूर्वक प्रकाश डाला। शिक्षण-अधिगम प्रक्रिया को बच्चों के लिए रोचक एवं सहज बनाने के लिए व्यावहारिक उपायों व तकनीकों को सांझा किया। स्कूल निदेशक संगीता कोडान ने प्रशिक्षकों को स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया।


**झज्जर।** क्षमता संवर्धन कार्यक्रम में उपस्थित शिक्षक एवं प्रशिक्षक। फोटो : हरिभूमि

# नाटक से लोगों को किया जागरूक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| झज्जर

ब्रेकथ्रू संस्था द्वारा शनिवार को क्षेत्र के गांव धौड़ व पाटौदा में बड़ी सी आशा नाटक का आयोजन कर लोगों को पढ़ाई के महत्व बारे जागरूक किया गया। धौड़ ग्राम सरपंच सत्यवान ने संस्था सदस्यों और नाटक टीम का स्वागत करते हुए कहा कि टीम द्वारा किए जा रहे कार्यों की सराहना की। मास्टर विजेंद्र ने कहा कि किशोरियों को अपने सपनों को साकार करने के लिए उन्हें अपनी बात रखने के तरीके में सकारात्मक बदलाव लाना होगा। इसी प्रकार पाटौदा गांव में आयोजित कार्यक्रम उपरांत शिक्षक प्रवीण ने कहा कि लोगों को जागृत करने के लिए संस्था सदस्यों द्वारा जो नाटक दिखाया गया वह सराहनीय है। ब्रेकथ्रू संस्था सदस्या अनुराधा और पूनम ने बताया कि इस अभियान को चलते हुए एक पखवाड़ा बीत चुका है। उनके द्वारा गांव के मुख्य स्थान व स्कूल में कार्यक्रम का आयोजन लोगों को पढ़ाई का महत्त्व समझाया जाता है। इससे प्रेरित होकर कई लोग लड़कियों को उच्च शिक्षा दिलाने में सहयोग भी करने लगे हैं।


**झज्जर।** ग्रामीणों के समक्ष नाटक की प्रस्तुति देते हुए संस्था सदस्य।

### सट्टा खाईवाली के आरोप में गिरफ्तार

**बहादुरगढ़।** शहर थाना पुलिस ने सरेआम सट्टा खाईवाली के आरोप में एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया है। आरोपी के खिलाफ सिटी थाने में केस दर्ज किया गया। आरोपी की पहचान आशीष निवासी परनाला के रूप में हुई है। 900 रुपये व सट्टा पर्चियां बरामद हुई। आरोपी से पूछताछ की जा रही है।

**सूचना**

मैं, ओमप्रकाश पुत्र लख्मीचन्द निवासी गांव बालौर, तह. बहादुरगढ़, जिला झज्जर बयान करता हूं कि मेरा पुत्र सुमित व पुत्रवधु संगीता मेरे कहने-सुनने से बाहर हैं। इसलिये मैं इनको अपनी चल-अचल सम्पत्ति से बेदखल करता हूं। इनसे लेन-देन, व्यवहार करने वाला स्वयं जिम्मेवार होगा। मेरी व मेरे परिवार की कोई जिम्मेवारी नहीं होगी।

**न्यायालय श्रीमान सहायक कलैक्टर, प्रथम श्रेणी, झज्जर।**

1. रमेश पुत्र बलदेव पुत्र तेजराम निवासी तुम्बाहेड़ी तहसील व जिला झज्जर 2. रविन्द्र पुत्र मांगेराम निवासी गांव पटासनी तहसील व जिला झज्जर 3. मनोज कुमार पुत्र रामनिवास निवासी गांव सिवाड़ी जिला गुरूग्राम 4. कमला देवी पत्नी सुरेश कुमार पुत्र दुर्गा प्रसाद 5. सुरेश कुमार पुत्र दुर्गा प्रसाद 6. चन्द्रमुखी विधवा दिनेश कुमार पुत्र दुर्गा प्रसाद 7.महेश 8. राकेश 9. विजय 10. कृष्ण पुत्रान दिनेश कुमार पुत्र दुर्गा प्रसाद 11. मंजू देवी विधवा कैलाश पुत्र मुरारीलाल 12. मनोज पुत्र कैलाश पुत्र मुरारीलाल सभी निवासीयान गांव तुम्बाहेड़ी तहसील व जिला झज्जर। ......फरीक अव्वल

बनाम

1. राजेन्द्र पुत्र रामकुवांर पुत्र मोतीराम 2. फूलवती विधवा नन्द लाल पुत्र बलदेवा 3. कमला 4. राज पुत्रीयान नन्दलाल पुत्र बलदेवा 5. राजबीर उर्फ राजेश 6. सुनिल पुत्रान नन्दलाल पुत्र बलदेवा सभी निवासीयान गांव तुम्बाहेड़ी तहसील व जिला झज्जर। ......फरीक दोयम

**इश्तेहार मुनादी बजरिये अखबार**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि प्रार्थी/फरीक अव्वल ने एक दरखास्त उपरोक्त अनुमान बाबत तक्सीम इस न्यायालय में दायर की है जो कि खेवट नं0 334/286, खतौनी नं0 344 कुल किते 15 रकबा तादादी 80 कनाल 9 मरले वाका मौजा तुम्बाहेड़ी तहसील व जिला झज्जर जिसका उपरोक्त अनुमान 'रमेश आदि बनाम राजेन्द्र आदि' है व केस नं036-A/NT है जो कि उपरोक्त सभी फरीक दोयम के खिलाफ है। जिसमें आगामी तारीख पेशी 11.12.2025 लगी हुई है। इस नोटिस द्वारा फरीक दोयम नं० 1 राजेन्द्र पुत्र रामकुवांर पुत्र मोतीराम व इनके परिवार के सदस्यों को उपरोक्त दरखास्त बाबत सूचित किया जाता है कि यदि किसी को भी उक्त दरखास्त बाबत तक्सीम बारे कोई भी उजर व ऐतराज हो तो दिनांक 11.12.2025 को उपरोक्त माननीय न्यायालय में व्यक्तिगत रूप से या अपने वकील के माध्यम से उपस्थित होवे अन्यथा इसके उपरान्त गुजरने मिवाद फरीक दोयम नं० 1 के खिलाफ एकतरफा कार्यवाही अमल में लाई जावेगी क्योंकि इससे पहले भी फरीक दोयम नं० 1 को नोटिस दिया जा चुका है लेकिन नोटिस मिलने उपरान्त भी फरीक दोयम नं. 1 न्यायालय में उपस्थित नहीं हुआ।

यह कि इश्तहार मुनादी बजरिये अखबार इस न्यायालय से दिनांक 01-12-2015 को मेरे हस्ताक्षर व मोहर सहित जारी हुआ है।

हस्ता/- सहायक कलैक्टर प्रथम श्रेणी, झज्जर

महर्षि वाल्मीकि द्वारा रचित रामायण के युद्ध कांड पर चर्चा की

# जननी और जन्मभूमि का स्थान जीवन में सर्वोपरि

- सत्कर्म ही ईश्वर को सबसे ज्यादा प्रिय हैं, जो हमें दूसरों की भलाई और सही जीवन जीने की प्रेरणा देते हैं

हरिभूमि न्यूज ▶▶| झज्जर

आश्रम हरि मंदिर पटौदी के अधिष्ठाता महामण्डलेश्वर स्वामी धर्मदेव ने कहा कि जननी और जन्मभूमि को जीवन में कभी नहीं भूलना चाहिए। उन्होंने कहा कि दोनों का ही स्थान जीवन में सर्वोपरि है। महर्षि वाल्मीकि द्वारा रचित रामायण के युद्ध कांड पर चर्चा करते हुए कहा कि जब राम ने लंका पर विजय प्राप्त की और लक्ष्मण ने उन्हें लंका का राजा बनने का सुझाव दिया, तब राम ने कहा कि सोने की लंका भी उन्हें अपनी जन्मभूमि अयोध्या जितनी प्रिय नहीं, क्योंकि जननी और जन्मभूमि स्वर्ग से भी बढ़कर होती हैं। शनिवार देर शाम मुल्तान सभा द्वारा आयोजित विराट संत सम्मेलन के दूसरे दिन बतौर मुख्य वक्ता स्वामी धर्मदेव ने कहा कि हमें गर्व होना चाहिए कि हम उस धरती से पैदा हुए देश है जहां युद्ध के मैदान में भी गीता सुनाई जाती है। यह भारत की संस्कृति का ही परिणाम है कि जहां महाभारत के युद्ध के दौरान शर शैय्या पर पड़े तीरों के बीच भीष्म पितामह ने उपदेश दिया था। सत्कर्म के विषय पर चर्चा करते हुए स्वामी धर्मदेव ने कहा कि केवल पूजा करने मात्र से ही परमात्मा प्रसन्न नहीं होते, परमात्मा प्रसन्न होते है केवल व्यक्ति के सत्कर्मों से। सत्कर्म ही ईश्वर को सबसे ज्यादा प्रिय हैं, जो हमें दूसरों की भलाई और सही जीवन जीने की प्रेरणा देते हैं, जैसा कि गीता में कर्मण्येवाधिकारस्ते का सिद्धांत कहता है।


**झज्जर।** प्रवचन के दौरान उपदेश देते हुए स्वामी धर्मदेव। फोटो : हरिभूमि

# निरंकारी मिशन का विशाल संत समागम आज


**झज्जर।** संत समागम के लिए सजाया जा रहा पंडाल।

- सतगुरु माता सुदीक्षा महाराज एवं राजपिता रमित मुख्यातिथि के रूप में उपस्थित रहेंगे

हरिभूमि न्यूज ▶▶| झज्जर

स्थानीय महर्षि दयानंद खेल स्टेडियम में रविवार को निरंकारी संत समागम का आयोजन किया जाएगा। यह जानकारी देते हुए निरंकारी मिशन के संयोजक रोशन लाल निरंकारी ने बताया कि सतगुरु माता सुदीक्षा महाराज एवं राजपिता रमित मुख्यातिथि के रूप में उपस्थित रहेंगे। प्रातः 11 से दोपहर 2 बजे तक आयोजित इस विशाल समागम में प्रातः 7 से 9 बजे तक विभिन्न खेल प्रतियोगिताओं का आयोजन हो किया जाएगा। इस समागम में दिल्ली एनसीआर व निकटवर्ती जिले की साध संगत शामिल रहेगी। आयोजन की सभी तैयारियां पूरी कर ली गई हैं।

## खबर संक्षेप

### फंदा लगाकर युवक ने दी जान

**झज्जर।** शनिवार को बेरी कस्बा क्षेत्र के गांव भागलपुरी में एक युवक ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। मृतक की पहचान करीब 26 वर्षीय अमित पुत्र विजय सिंह के तौर पर हुई है। परिजनों ने जब देखा तो मामले की सूचना पुलिस को दी। इसके बाद पुलिस ने मौके पर पहुंच कर परिजनों से मामले की शव को पोस्टमार्टम के लिए स्थानीय नागरिक अस्पताल भिजवाया। मामले के जांच अधिकारी देवेंद्र ने बताया कि अमित अविवाहित था और दिहाड़ी मजदूरी का कार्य करता था। परिजनों के अनुसार वह नशे का आदि था। मृतक के पिता के बयान पर इत्तिफाकिया कार्रवाई करते हुए पोस्टमार्टम कराने के बाद शव परिजनों को सौंप दिया गया है।

### तबीयत बिगड़ने से सिक्योरिटी गार्ड की मौत

**बहादुरगढ़।** बीती रात को तबीयत बिगड़ने से एक सिक्योरिटी गार्ड की मौत हो गई। मृतक की पहचान मनोज कुमार के रूप में हुई है। जानकारी के अनुसार, मनोज मूल रूप से बिहार के दरभंगा जिले का रहने वाला था। पिछले कुछ समय से यहां सूर्या नगर स्थित एक फैक्ट्री में रहता था और सिक्योरिटी गार्ड के तौर पर काम करता था। बीती रात को अचानक उसकी तबीयत बिगड़ गई। अस्पताल में लेकर गए तो ईलाज के दौरान उसे मृत घोषित कर दिया गया। सूचना पाकर पुलिस मौके पर पहुंची और पोस्टमार्टम की कार्रवाई शुरू कराई। मौत के असल कारणों की पुष्टि पोस्टमार्टम रिपोर्ट से हो पाएगी।

### खेत में तबीयत बिगड़ने से किसान की मौत

**झज्जर।** खेत में कार्य करते समय अचानक तबीयत बिगड़ने के कारण एक किसान की मौत हो गई। मृतक की पहचान करीब 51 वर्षीय देवेंद्र सिंह पुत्र खेमचंद के तौर पर हुई है। परिजनों के अनुसार जब देवेंद्र खेत में पानी देने का कार्य कर रहा था तो अचानक उसके सीने में तेज दर्द उठा। इसके बाद जब तबीयत बिगड़ी तो वे उसे उपचार के लिए स्थानीय नागरिक अस्पताल लेकर पहुंचे जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। मामले के जांच अधिकारी विकास ने बताया कि इस संबंध में परिजनों के बयान पर इत्तिफाकिया कार्रवाई अमल में लाई गई है।

### शाम को एक्यूआई पहुंचा 270 पर

**बहादुरगढ़।** इलाके में प्रदूषण की समस्या बरकरार है। शनिवार को एक्यूआई थोड़ा नीचे आया और शाम को 270 दर्ज किया गया, लेकिन स्थिति खराब है। वायु गुणवत्ता खराब होने के कारण स्वास्थ्य पर बुरा असर पड़ रहा है। बाहर निकलते ही आंखों में जलन महसूस हो रही है। गले में खराश, खांसी के मरीज बढ़े हुए हैं। वहीं, दूसरी तरफ तापमान में गिरावट जारी है। शनिवार को अधिकतम तापमान 22 डिग्री दर्ज किया गया।

## 1971 के भारत-पाक युद्ध में हुए थे शहीद

# कैप्टन कुलदीप राठी ने देश की रक्षा के लिए 24 वर्ष की आयु में दे दिया था प्राणों का बलिदान

**स्मारक स्थल पर रविवार को मनाया जाएगा शहादत दिवस**


हरिभूमि न्यूज ▸▸ बहादुरगढ़

देश की रक्षा के लिए झज्जर जिले के असंख्य वीरों ने अपने प्राणों की आहुति दी है। गांव सांखोल के निवासी शहीद कैप्टन कुलदीप सिंह भी इन्हीं वीरों में से एक थे। उन्होंने पाकिस्तान के साथ 1971 में हुए युद्ध में अद्भुत शौर्य दिखाया और वीर गति को प्राप्त हुए। इलाके के लोगों के जहन और आदर्शों में आज भी वह जीवित हैं। आज रविवार को गांव सांखोल में शहीद कैप्टन कुलदीप सिंह का शहादत दिवस उनके स्मारक स्थल पर आदर व सत्कार के साथ मनाया जाएगा।

शहीद कुलदीप सिंह आजादी से महज दो सप्ताह पहले एक अगस्त 1947 को गांव सांखोल में जन्मे थे। उनके पिता तारीफ सिंह भी सेना में कैप्टन रहे। पिता से प्रेरित होकर इनमें भी देश सेवा का भाव पैदा हुआ। कॉलेज की पढ़ाई के दौरान इन्होंने एनडीए की परीक्षा पास कर ली। वर्ष 21 दिसंबर 1968 को इन्हें कमीशन मिला। कमीशन मिलने के तीन साल बाद ही पाकिस्तान के साथ युद्ध छिड़ गया। कैप्टन कुलदीप सिंह पूंछ सेक्टर में मोर्चा संभाले हुए थे। इसी दौरान दुश्मनों से लोहा लेते हुए वीर गति को प्राप्त हुए। महज 24 साल की उम्र में ही इन्होंने देश के लिए अपने प्राणों का बलिदान कर दिया था। मरणोपरांत इन्हें वीर चक्र दिया गया।

बेशक इन्हें शहीद हुए दशकों बीत गए हों, लेकिन इलाके के लोगों के जहन में ये आज भी जिंदा हैं। इनकी वीरता पर पूरा जिला गर्व महसूस करता है। रविवार सात दिसंबर को गांव सांखोल में स्थित इनके स्मारक स्थल पर कार्यक्रम होगा। उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की जाएगी। शहादत दिवस की पूर्व संध्या पर शनिवार को संघर्षशील जनकल्याण सेवा समिति के सदस्यों व ग्रामीणों ने स्मारक स्थल पर साफ सफाई की।

समिति से जुड़े लोगों का कहना है कि बहादुरगढ़ के रेलवे रोड का नामकरण कैप्टन कुलदीप सिंह के नाम पर हुआ था। उनके नाम से एक बोर्ड भी लगा हुआ है। हमने प्रशासन से रेलवे रोड पर कैप्टन कुलदीप सिंह के नाम पर द्वार बनवाने की मांग भी रखी है। नगर परिषद की बैठक में प्रस्ताव रखा गया लेकिन आज तक कार्रवाई सिरे नहीं चढ़ पाई है। जल्द से जल्द द्वार बनाया जाना चाहिए।

सांखोल में शहीद कैप्टन कुलदीप सिंह राठी का स्मारक स्थल व कैप्टन कुलदीप सिंह राठी का फोटो।

## कहीं अवैध पार्किंग की आड़ में छिपे तो कहीं प्रचार सामग्री से अटे

# जनता को सुविधा देने के बजाय अतिक्रमण में उलझ गए बस क्यू शेल्टर

**शहर में सिटी बस सर्विस तो चालू हुई नहीं, लेकिन जर्जर हालत में हो चुके ये क्यू शेल्टर अवैध पार्किंग की आड़ में छिप गए हैं और महज प्रचार का जरिया बन गए हैं**

हरिभूमि न्यूज ▸▸ बहादुरगढ़

यात्रियों की सुविधा के लिए गुरुग्राम की तर्ज पर शहर में सिटी बस क्यू शेल्टर बनाए गए थे लेकिन आज ये पूरी तरह से धूल फांक रहे हैं। शहर में सिटी बस सर्विस तो चालू हुई नहीं, लेकिन जर्जर हालत में हो चुके ये क्यू शेल्टर अवैध पार्किंग की आड़ में छिप गए हैं और महज प्रचार का जरिया बन गए हैं।




**बहादुरगढ़।** प्रचार सामग्री और अवैध पार्किंग का शिकार सिटी बस क्यू शेल्टर। फोटो : हरिभूमि

दरअसल, यात्रियों को धूप व बरसात आदि में बसों व सवारी वाहनों का इंतजार करना पड़ता था। इस समस्या को देखते हुए वर्ष 2020 में नगर परिषद ने करीब दस स्टॉपेज पर स्टील के क्यू शेल्टर बनाने का टेंडर छोड़ा। रोहतक-दिल्ली रोड पर रेस्ट हाउस के बाहर, नागरिक अस्पताल के बाहर, एमआईई सहित अन्य जगहों पर वर्ष 2021 में ये बनकर तैयार हुए। इनका मकसद तो यही था कि यात्रियों को धूप व बरसात में परेशानी न हो। लेकिन धीरे धीरे देखरेख के अभाव में ये जर्जर हालत में पहुंच गए।

अब स्थिति ये है कि अधिकांश शेल्टर के बाहर अवैध पार्किंग की समस्या गहराई रहती है। इस वजह से यात्री इन पर बैठ ही नहीं पाते। वहीं, दूसरी तरफ केवल ये पोस्टर, पर्चों से अटे हुए हैं। महज प्रचार का जरिया बने हुए हैं। शहर के निवासी नवीन ने कहा कि शहर में सिटी बस सर्विस तो शुरू हुई नहीं हुई लेकिन करीब 86 लाख की लागत से बने बस क्यू शेल्टर जरूर खराब हो गए। शहर में आबादी व यात्रियों की संख्या को देखते हुए सिटी बस सर्विस चालू करनी चाहिए। बस क्यू शेलटरों को व्यवस्थित कराना चाहिए।

## राजवीर राठी बने हरियाणा व्यापार मंडल बेरी के अध्यक्ष

हरिभूमि न्यूज ▸▸ झज्जर

हरियाणा व्यापार मंडल द्वारा बेरी मंडल कार्यकारिणी का गठन किया गया है। व्यापार मंडल के जिलाध्यक्ष केशव सिंघल ने बताया कि उन्होंने प्रदेशाध्यक्ष विजयलक्ष्मी चंद गुप्ता से विचार-विमर्श उपरांत पुराने व्यवसायी और लंबे समय से व्यापार संगठन से जुड़े व्यापारी राजवीर राठी को बेरी मंडल का अध्यक्ष नियुक्त किया है। इसके अलावा ठेकेदार सतीश कुमार को उपप्रधान, दिनेश एरन को सचिव, अर्जुन कुमार को कैशियर व पीतांबर को सरंक्षक पद का दायित्व सौंपा गया है। जिलाध्यक्ष केशव सिंघल ने नवनियुक्त पदाधिकारियों व व्यापारियों से कहा कि व्यापार मंडल की टीम हर छोटे-बड़े व्यापारी के साथ हर सुख-दुख में साथ है और वे किसी भी समस्या के समाधान के लिए तत्परता से काम करेंगे। नव नियुक्त मंडलाध्यक्ष राजीव राठी ने भी अपनी टीम के साथ पूरी निष्ठ से कार्य करने का आश्वासन दिया। नगर परिषद के चेयरमैन जिले सिंह सैनी ने भी नवनियुक्त पदाधिकारियों को बधाई दी। इस मौके पर व्यापार मंडल के जिला महासचिव सुनील यादव, उप प्रधान राजीव मित्तल, सलाहकार सदस्य प्रदीप ऐरन, आशीष, पवन रोहिल्ला, अभय कादियान आदि उपस्थित रहे।



**झज्जर।** नवनियुक्त पदाधिकारियों के साथ उपस्थित जिलाध्यक्ष केशव सिंघल।

## लाखों रुपये की केबल व सामान ले उड़े चोर

**पुलिस ने केस दर्ज कर जांच शुरू की**

हरिभूमि न्यूज ▸▸ बहादुरगढ़

इलाके में चोरी के मामले नहीं थम रहे। चोर बिजली के तारों को भी नहीं छोड़ रहे। अब गांव सिलोठी से ढाई लाख रुपये के केबिन व वायर चुरा ली गई।

इस दौरान दो पोल भी टूट गए। शिकायतकर्ता झारखंड के निवासी दिलीप सिंह का कहना है कि वह फिलहाल झज्जर में रहता है और एबीजे एनजी सोल्यूशन कंपनी में डीपीएम के पद पर कार्यरत है। गत 29 नवंबर को केबल के खंभों पर लगे केबिन उतार लिए। इस दौरान दो पोल टूट गए।

चोरी किए गए सामान की कीमत करीब ढाई लाख है। इससे कंपनी को काफी हानि हुई और काम प्रभावित हो गया। हमारे पोल व केबिन सिलोठी में सड़क किनारे लगे हैं।



करीब 360 मीटर तार चोरी हुई है। वहीं, सदर थाना पुलिस ने केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### ड्यूटी के लिए निकला युवक लापता

**बहादुरगढ़।** घर से ड्यूटी के लिए निकला एक प्रवासी युवक संदिग्ध परिस्थितियों में लापता हो गया। परिजन तमाम संभावित ठिकानों पर तलाश चुके हैं लेकिन तीन दिन बीत जाने के बाद भी उसका कुछ अता पता नहीं है। परिजनों ने अब पुलिस को सूचना देकर तलाश की गुहार लगाई है। यूपी के हरदोई मूल की निवासी गुड़िया का कहना है कि वह यहां रणजीत कॉलोनी में परिवार सहित रहती है। उसका 25 वर्षीय बेटा विशाल रोहद में काम करता है। गत तीन दिसंबर की सुबह खाना खाकर ड्यूटी के लिए निकला था। लेकिन वह न तो अपनी कंपनी में पहुंचा और न ही वापस आया। इसके बाद उससे संपर्क करने का प्रयास किया तो सफलता नहीं मिली। फिर उसकी तलाश शुरू की। तब से लेकर अब तक तमाम ठिकानों पर ढूंढ चुके हैं लेकिन कुछ अता पता नहीं है। पुलिस तलाशने में मदद करे। उधर, सिटी थाना पुलिस ने गुमशुदगी की रिपोर्ट दर्ज कर युवक की तलाश शुरू कर दी है।

## डंपर से टकराकर बाइक सवार युवक की मौत

- गांव नूना माजरा में हुआ हादसा
- बाइक पर सवार होकर ड्यूटी जा रहा था दीपक

हरिभूमि न्यूज ▸▸ बहादुरगढ़

झज्जर-बहादुरगढ़ मार्ग पर गांव नूना माजरा में शनिवार की सुबह दर्दनाक हादसा हो गया। यहां डंपर से टकराकर बाइक सवार युवक की मौत हो गई। पुलिस ने पोस्टमार्टम करा शव परिजनों को सौंप दिया है। परिजनों ने हादसे के लिए डंपर चालक की लापरवाही को जिम्मेदार ठहराया है। सदर थाना पुलिस ने केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।



**बहादुरगढ़।** अस्पताल में मौजूद मृतक के परिजन व (इनसेट में) मृतक दीपक का फाइल फोटो। फोटो : हरिभूमि

मृतक की पहचान डाबोदा के निवासी करीब 25 वर्षीय दीपक के रूप में हुई है।

दीपक दिल्ली में स्थित गंगाराम अस्पताल में बतौर ओटी टेक्निशियन कार्यरत था। रोजमर्रा की तरह शनिवार की सुबह भी वह घर से बाइक पर सवार होकर ड्यूटी के लिए रवाना हुआ। अपने गांव से निकलकर नूना माजरा में लीलैंड सर्विस स्टेशन के निकट पहुंचा ही था कि सड़क किनारे एक डंपर खड़ा हुआ था। अंधेरे के चलते उसे वह डंपर नजर नहीं आया और बाइक सीधी उसके अंदर जा घुसी। हादसे में उसे गंभीर चोट आई। राहगीरों ने उसे संभाला और नागरिक अस्पताल में लेकर गए, जहां मौत की पुष्टि कर दी गई।

सूचना पाकर सदर थाना पुलिस मौके पर जांच करने पहुंची तो परिजन अस्पताल की ओर दौड़े। परिजनों के बयान के बाद पुलिस ने पोस्टमार्टम की कार्रवाई शुरू कराई। इस हादसे के लिए परिजनों ने डंपर चालक को जिम्मेदार ठहराया है। पिता सुरेंद्र ने शिकायत में कहा है कि सड़क किनारे डंपर बिना इंडिकेटर जलाए खड़ा कर रखा था। इसी लापरवाही के कारण बेटे की बाइक उससे टकराई और हादसा हो गया। आरोपी के खिलाफ कार्रवाई की जाए। दीपक दो भाइयों में बड़ा था। वहीं, पुलिस का कहना है कि केस दर्ज कर लिया है। जांच की जा रही है। आरोपी डंपर चालक की पहचान हो गई है।

## संवैधानिक संस्थाओं का किया जा रहा दुरुपयोग: भुक्कल

हरिभूमि न्यूज ▸▸ झज्जर

शनिवार को कांग्रेस कार्यकर्ताओं द्वारा बाबा साहेब डॉक्टर भीमराव अंबेडकर का महापरिनिर्वाण दिवस मनाया गया। पूर्व शिक्षा मंत्री एवं स्थानीय विधायक मंत्री गीता भुक्कल ने अंबेडकर चौक पर डॉक्टर भीमराव अंबेडकर की प्रतिमा पर फूल-माला चढ़ाकर उन्हें नमन किया। इस दौरान पत्रकारों से रूबरू होते हुए उन्होंने कहा कि डॉक्टर भीमराव अंबेडकर ने भारत के संविधान को लिखा और सामाजिक न्याय की बात की। लेकिन आज देश में माहौल ठीक नहीं है और संवैधानिक संस्थाओं का दुरुपयोग हो रहा है। ऐसे में बाबा साहेब जैसे व्यक्तित्व की बहुत आवश्यकता है।

भाजपा सरकार संवैधानिक संस्थाओं की धज्जियां उड़ा रही है। नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी को विदेशी मेहमानों से मिलने के लिए नहीं बुलाया जाना गलत है। उन्होंने कहा कि यह परंपरा रही है कि विदेशी मेहमान सत्ता पक्ष और विपक्ष के नेताओं से मिलते हैं। पूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी, राजीव गांधी और मनमोहन सिंह की सरकार में भी ऐसा होता रहा है। उन्होंने कहा कि हम इस मामले में भाजपा सरकार की निंदा करते हैं। इस दौरान कांग्रेस जिलाध्यक्ष संजय यादव, सुभाष गुर्जर, वीरेंद्र कौशिक, अभिषेक वाल्मीकि उर्फ गोलू सहित अन्य भी मौजूद रहे।



**झज्जर।** बाबा साहेब की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित करने के दौरान उपस्थित विधायक गीता भुक्कल एवं अन्य।

## सैनी ने कैबिनेट मंत्री विज से की मुलाकात

**जानबूझकर लोगों को परेशान कर रहे अधिकारी**

**बहादुरगढ़।** भाजपा नेता जसबीर सैनी ने कहा कि प्रदेश में अफसरशाही को बढ़ावा देने वाले कुछ अधिकारियों पर नियंत्रण के लिए कैबिनेट मंत्री अनिल विज की कार्यशैली उदाहरण बन सकती है। विज से उनके निवास पर मुलाकात के बाद जारी बयान में सैनी ने कहा कि आमजन की शिकायतों को गंभीरता से न लेने वाले अधिकारी सरकार की छवि खराब कर रहे हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि कुछ अधिकारी जानबूझकर लोगों को परेशान करते हैं, जिससे सरकार के प्रति नाराजगी बढ़ती है। सैनी ने मुख्यमंत्री से मांग की कि जनता के हित में ऐसी कार्यशैली को किसी भी स्थिति में बर्दाश्त न किया जाए। सैनी ने कहा कि राज्य के विधायक तथा मंत्री अनिल विज की कार्यशैली से प्रेरणा लें, ताकि अफसरशाही पर नियंत्रण हो और जनता को राहत मिल सके।

## अवैध हथियार सहित एक आरोपी गिरफ्तार

**बहादुरगढ़।** ऑपरेशन हॉट स्पॉट डोमिनेशन के तहत सीआईए टू बहादुरगढ़ की टीम ने सिटी थाना क्षेत्र से अवैध हथियार के साथ एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। सीआईए प्रभारी अमित कुमार ने बताया कि उनकी टीम थाना शहर के एरिया में मौजूद थी। उसी दौरान बालौर गांव की तरफ से आता दिखाई दिया। शक के आधार पर उसे पकड़कर तलाशी ली गई। आरोपी के पास एक अवैध हथियार बरामद हुआ। आरोपी की पहचान संदीप निवासी नांगल कला जिला सोनीपत के रूप में हुई। आरोपी के खिलाफ सिटी थाने में केस दर्ज किया गया है। प्रारंभिक जांच में सामने आया कि आरोपी पर सोनीपत, रोहतक झज्जर, रेवाड़ी में आधा दर्जन से ज्यादा अपराधिक मामले दर्ज हैं। आरोपी को अदालत में पेश कर जेल भेज दिया गया है।

## संकीर्तन में किया बाबा की महिमा का गुणगान

हरिभूमि न्यूज ▸▸ बहादुरगढ़

लाइनपार के बलजीत नगर में श्री श्याम निष्काम सेवा समिति की ओर से 30वां पूर्णिमा मासिक संकीर्तन और भंडारे का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अगुवाई समिति के प्रधान ओमबीर छिकारा और सोमबीर छिकारा ने की। मुख्य अतिथि के रूप में चुलकाना खाटू श्याम धाम के देवेंद्र पुजारी ने शिरकत की। गायक मंडली में धर्मेश दर्शन, चिराग जांगड़ा, उमा सलोनी गुप्ता, रवि नादान और भारत म्यूजिकल ग्रुप ने श्याम बाबा के भजनों की प्रस्तुति से माहौल भक्तिमय बना दिया। श्री श्याम बाबा का भव्य दरबार, श्रृंगार, 56 भोग और फूलों की वर्षा कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण रहे। कार्यक्रम में लक्ष्मी देवी, लीशा, शर्मीला देवी, बबीता दहिया, रेणु दलाल, देवेंद्र, बलजीत सिंह, गौरव, मनदीप दहिया, सुरेंद्र आदि मौजूद रहे।



**बहादुरगढ़।** बाबा की भक्ति में लीन श्रद्धालु। फोटो : हरिभूमि

हरिभूमि
आवश्यक सूचना
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो या उनके घर में कोई अन्य अखबार दिया जा रहा हो वह इन टेलीफोन नम्बरों पर सम्पर्क करें या व्हाट्सअप करें :-
बहादुरगढ़ : सूरजमल वाली गली, गणपति ट्रैवलर्स के ऊपर, नजदीक टैक्सी स्टैंड, बहादुरगढ़
झज्जर :- पुराना बर्फ खाना रोड, शिव चौक, झज्जर
फोन : 8295738500, 8814999142, 8295157800, 9253681005

मृत्यु अंत नहीं है
मृत्यु कभी भी अंत नहीं हो सकती
मृत्यु एक पथ है, जीवन एक यात्रा है
आत्मा पथ प्रदर्शक है।
हरिभूमि
राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक
इस शोकाकुल समय में हम आपके सहभागी हैं।
तेरहवीं/श्रद्धान्जलि/शोक संदेश
आप अर्पित कीजिये अपने श्रद्धा-सुमन हरिभूमि के माध्यम से

| साईज | संस्करण | विशेष छूट राशि |
|---|---|---|
| 5×8 सें.मी<br>10×8 सें.मी | स्थानीय संस्करण के अन्दर के पृष्ठ पर | रु. 2500/-<br>रु. 3000/- |

+5% GST Extra
नोट : विशेष छूट राशि केवल उपरोक्त साईज पर मान्य। अन्य किसी साईज के लिए कार्ड रेट लागू।
अधिक जानकारी के लिए सम्पर्क करें
झज्जर : हरिभूमि कार्यालय, पुराना बर्फ खाना रोड, शिव चौक, फोन : 8295876400
बहादुरगढ़ : सुरजमल वाली गली, रोहतक रोड, गणपति ट्रैवल्स के ऊपर, 8295852900